सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 67 | इंदौर, गुरुवार 19 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. IND vs BAN : पहले दिन लंच तक भारत 88/3, यशस्वी-पंत के बीच 50+ रन की साझेदारी, गिल खाता खोले बिना आउट
2. 12 ट्रेनें निरस्त कई डायवर्ट: दिल्ली जाने से पहले देख लें यह चार्ट, मालगाड़ी के डिरेल होने से बाधित हुआ रूट
3. JP Nadda: पीएम मोदी को खरगे की चिट्ठी पर जेपी नड्डा का पलटवार, जवाबी खत में कहा- राहुल की करतूत भूल गए क्या?
4. Pakistan: 'हम कश्मीर में अनुच्छेद 370 पर कांग्रेस गठबंधन के साथ', पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का बड़ा बयान
5. महिला से बर्बरता: मानसिक बीमार महिला को चोर बताकर पीटा... फिर पति संग बांध कर गर्म सरिया से दागा, वीडियो वायरल
6. Sensex Opening Bell: फेड के फैसले के बाद चमका बाजार; सेंसेक्स 700 अंक चढ़ा, निफ्टी पहली बार 25500 के पार

# एक छोटी सी गलती और चली गई 7 जानें

## घायल बोला- हाइवा की चेन में फंसा ऑटो, रुकने के लिए बोला फिर भी नहीं रोका

बुधवार की शाम को सिहोरा-कटनी स्टेट हाईवे में नुंजी गांव के पास हुए हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है जबकि 11 ग्रामीण घायल हुए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। सात शवों का गुरुवार को सिहोरा स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमॉर्टम होगा, जिसके बाद सभी का प्रतापपुर गांव में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। ऑटो ने बात की तो उसने बताया, एक छोटे से ऑटो में 18 लोग भरे हुए थे, यहां तक तो ठीक था, लेकिन एक छोटी सी गलती के कारण इतना भीषण हादसा हुआ कि 7 लोगों की मौत हो गई। ऑटो में बैठे घायल युवक ने बताया कि अगर ऑटो चालक ओवरटेक नहीं करता तो शायद यह घटना नहीं होती।

### भगवान गणेश की कृपा से बचा हूं

हम 17 लोग ऑटो में पीछे खड़े होकर जा रहे थे, ऑटो कौन चला रहा था, मुझे नहीं पता, प्रतापपुर से खितौला जाने के लिए मैं भी अपने दोस्त के कहने पर ऑटो में बैठ गया। जैसे ही आटो नुंजी गांव के पास पहुंचा, तभी बगल से तेज रफ्तार हाइवा निकला। ऑटो चालक को ना जाने क्या सूझी, उसने भी रफ्तार बढ़ा दी और हाइवा को क्रॉस करने लगा, तभी हाइवा के पिछले हिस्से की टक्कर लगी और फिर हाईवा के पीछे लगी लोहे की चेन अचानक ही ऑटो में फस गई।

मेरी आंखो के सामने ऑटो 50 मीटर तक घिसट गया, हम लोग चिल्ला रहे थे, बचाओ, पर ड्राइवर ने नहीं सुनी और ऑटो सडक़ किनारे पलट गया और फिर हाइवा का अगला हिस्सा भी ऑटो के ऊपर गिर गया। मेरी आंखों के सामने सबसे पहले 3 साल के बच्चे ने दम तोड़ा।



### हाइवा चालक हिरासत में

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय विधायक संतोष बरकड़े, कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा देर रात पहले मौके पर पहुंचे, इसके बाद सिहोरा अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की। मझगंवा पुलिस ने हाईवे चालक ओमकार द्विवेदी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा का का कहना है कि जिस स्थान पर घटना हुई है, वहां पर अक्सर तेज रफ्तार हाईवे चलते हैं, लिहाजा मझगंवा और खितौला थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि तेज रफ्तार या फिर ओवरलोड हाईवे चलते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एएसपी के मुताबिक घटना में सात लोगों की मौत हुई है जिनका आज दोपहर को प्रतापपुर में अंतिम संस्कार किया जाएगा। हाइवा चालक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

### खत्म हो गया परिवार

जानकारी के मुताबिक सभी लोग सागर जिले के बीना के पास सोयाबीन की फसल काटने जा रहे थे। कटनी जिले के सिलौड़ी निवासी दीपक बर्मन जो कि मौके से फरार हो गया है, ये सभी लोगों को खितौला स्टेशन छोडऩे जा रहा था। ऑटो में शोभाराम (35) पत्नी कल्लू बाई (30) और तीन साल के बेटे भूरा कोल के साथ पीछे बैठा हुआ था। ऑटो में करण (20) पत्नी रानू (19) के साथ था। जिनकी घटना में मौत हो गई है।

### दोनों गाड़ी का फिटनेस नहीं था

सिहोरा की एक माइंस मे लगे हाइवा और ऑटो का फिटनेस भी नहीं था। पुलिस ने प्राथमिक जांच में पाया है कि जिस हाइवा एमपी 54-एचए-1986 को ओंकार द्विवेदी चला रहा था, उसका फिटनेस समाप्त हो चुका था, जबकि ऑटो क्रमांक एमपी 20-एलबी-0237 का भी फिटनेस नहीं था। पुलिस इसकी भी जांच कर रही है। घटना के बाद से ऑटो चालक दीपक बर्मन फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है, जबकि हाइवा चालक हिरासत में है।

# एकल परिवार से बढ़ रहा युवा वर्ग में अकेलापन और मानसिक तनाव

## युवा धर्म संसद में बतौर वक्ता बोले शिक्षाविद डॉ. पुनीत द्विवेदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। न्यूक्लियर फ़ैमिली (एकल परिवार) का इस समस्या में महत्वपूर्ण योगदान है। आज के समाज में, जहां परिवार की परिभाषा बदल रही है, वहां पारिवारिक संबंधों में कमी आ रही है। इससे युवा वर्ग में अकेलापन और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। यह एक चिंतनीय स्थिति है क्योंकि यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि समाज में भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। न्यूक्लियर फ़ैमिली में युवा अपने मन की बातों को साझा करने के लिए किसी को नहीं पाते, जिससे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे और भी जटिल हो जाते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए युवाओं को स्वास्थ्य गतिविधियों की ओर प्रेरित करना, सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन करना और व्यसन के प्रति जागरूकता फैलाना चाहिए।**




यह बात ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल कॉलेज एवं इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज के समूह निदेशक, शिक्षाविद और स्वच्छ इंदौर के ब्रांड एंबेसडर डॉ. पुनीत कुमार द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में व्यसन और मनोरोग की समस्या को केंद्र में रखते हुए एक महत्वपूर्ण सत्र में आमंत्रित वक्ता के रूप में कही। पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रांगण में सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा आयोजित 2 दिवसीय 'युवा धर्म संसद' में देश के कोने-कोने से लगभग 1 हजार युवा प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। इस कार्यक्रम में विभिन्न मान्यता प्राप्त विद्वानों, शिक्षाविदों और युवा नेताओं ने अपनी सहभागिता की।

मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, योगर्षि रामदेव बाबा एवं आचार्य बालकृष्ण (पतंजलि) की गरिमामय उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से सुनील आंबेकर, मुकुल कानिटकर, प्रो0 सच्चिदानंद मिश्र, कुलपति गुजरात विश्वविद्यालय डॉ. नीरजा गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इंदौर के रूप में आमंत्रित रहे। डॉ. द्विवेदी ने डिजिटल व्यसन पर भी प्रकाश डाला। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.के. त्रिपाठी, प्रो. रमा (प्राचार्या- हंसराज कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) आदि की भी गरिमामय उपस्थिति रही। मंच पर पूज्य आचार्य श्री मिथिलेशनंदिनी शरण जी का आशीर्वाद भी रहा, जिसने सभी प्रतिभागियों को उत्साह और प्रेरणा दी।

युवा धर्म संसद का उद्देश्य न केवल समस्याओं की समीक्षा करना था, बल्कि युवाओं को ऐसे प्लेटफार्म प्रदान करना भी था, जहां वे अपने विचारों को साझा कर सकें और समाधान के लिए प्रेरित हो सकें। डॉ. द्विवेदी का व्याख्यान इस दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ।

## पूरी होने जा रही रहवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग

### रहवासियों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता -विधायक हार्डिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। वार्ड 37 के चिकित्सक नगर स्कीम 94 और वीणा नगर के रहवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने जा रही है। लगभग 53 लाख रुपए की लागत से होने वाले डेनेज और सडक निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक महेंद्र हर्डिया और वार्ड की पार्षद संगीता महेश जोशी बीजेपी के वरिष्ठ नेता महेश जोशी मोनी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक महेंद्र हर्डिया ने कहा कि यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, और रहवासियों की समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। पार्षद संगीता महेश जोशी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि रहवासियों को लंबे समय से रही परेशानियों से अब छुटकारा मिलेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## कालोनी के गार्डन में विसर्जित की गणेश प्रतिमा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शालीमार बंगलो पार्क रहवासी संघ के तत्वाधान में लगातार 19 वे वर्ष में गणेश उत्सव के तहत आज अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश जी की पार्थिव प्रतिमा का इको फ्रेंडली विसर्जन कॉलोनी के गार्डन में ही किया गया इस अवसर पर अध्यक्ष अशोक खंडेलवाल उपाध्यक्ष शांति लक्ष्मीपति संरक्षक डॉक्टर हेमंत जोशी व्यास जी कोषाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी सहसचिव मिथिलेश कुमार कार्य समिति सदस्य धर्मेंद्र त्रिपाठी हेतल झाला नीता देशमुख डाक्टर दिनेश सिंह प्रशांत सिंह लक्ष्मण पटेल जयकुमार झाला सहित कॉलोनी की सभी मातृशक्ति उपस्थित थी।

## पधारो म्हारे देश रंगारंग राजस्थानी नृत्य देशभक्ति संगीत कार्यक्रम 29 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रामलीला, रास विथ माधवास, रंगीलो रास जैसे अनेकानेक सफलतम कार्यक्रमों की श्रृंखला के बाद इंदौर महानगर अग्रवाल वैश्य संगठन द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत 29 सितंबर , रविवार को सांय ठीक 6.30, बजे से स्थानीय बास्केट बाल परिसर में पधारो म्हारे देश सांस्कृतिक देशभक्ति से परिपूर्ण राजस्थानी गीत संगीत निशा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल (अग्रवाल ग्रुप), अविनाश अग्रवाल(ओएस्टर), पवन सिंघानिया(मोयरा), विष्णु बिंदल(स्वास्तिक), टीकमचंद अग्रवाल (कल्याण ग्रुप) ने बताया की शूरवीर गीत सीरीज से देश में ख्यात हुए कलाकार रेपरिया बालम समूह के कलाकार जयपुर-जोधपुर और उदयपुर से इंदौर आकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे संस्था के संस्थापक दिलीप- कविता गर्ग, अमिताभ-स्वाति सिंघल, समन्वयक बिंदु विनोद अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया की महारथियों पर वीर रस से भरपूर गीतो के साथ ही राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत देशभक्ति और मनोरंजक गीत संगीत की प्रस्तुतियां दर्शकों का मन मोह लेंगी

# इंदौर पहुंच गए पाकिस्तान मूल के दो लोग

## दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना था, अब वापस शारजाह भेजा जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारत आए पाकिस्तान मूल के दो यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना था, लेकिन वो इंदौर पहुंच गए। वीजा नियमों के चलते उन्हें इंदौर एयरपोर्ट पर ही रोक लिया गया है। इंदौर एयरपोर्ट डायरेक्टर वीपी सेठ ने बताया कि दोनों को गुरुवार देर रात शारजाह जाने वाली फ्लाइट से वापस भेजा जाएगा।**

दोनों यात्री एयर इंडिया एक्सप्रेस की यूएई के शारजाह से इंदौर आई मंगलवार रात की फ्लाइट से आए। एयरपोर्ट अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों यात्रियों के नाम विक्की कुमार और पूनम कुमारी है। दोनों को वीजा शर्तों के अनुसार शारजाह से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरना था। इसके बाद वे भारत में कहीं भी जा सकते थे। बताया जा रहा है कि दोनों ही यात्रियों की वापसी भी दिल्ली एयरपोर्ट से होनी थी, जबकि यह दोनों यात्री इंदौर के देवी अहिल्या बाई एयरपोर्ट पर पहुंच गए। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही ठहराया गया है। बाहर जाने की अनुमति नहीं दी गई है।

**पहले भी वापस भेजे गए यात्री-** शारजाह और दुबई से आने वाले यात्रियों को इंदौर एयरपोर्ट से पहले भी वापस भेजा जा चुका है। पहले वापस भेजे गए यात्री ई-वीजा पर इंदौर आ गए थे, जबकि इंदौर में ई-वीजा मान्य नहीं था। ऐसे में यात्रियों को एयरपोर्ट पर ही रुकना पड़ा था। इस घटना के बाद सांसद शंकर लालवानी ने ई-वीजा के लिए पहल कर इसे शुरू कराया था।

## बिजली कंपनी के सीजीएम ने किया 1912 कॉल सेंटर का निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की नई प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह के निर्देशन में उपभोक्ता सेवा में गुणात्मक सुधार एवं कंपनी के कामकाज में प्रशासनिक कसावट के प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीजीएम) श्री प्रकाश सिंह चौहान ने पोलोग्राउंड बिजली मुख्यालय में स्थित केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912 का निरीक्षण किया। मुख्य महाप्रबंधक ने उपभोक्ता सेवा, सुविधाओं, शिकायत निवारण प्रक्रिया इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। श्री चौहान ने कॉल सेंटर कार्मिकों से पूछा कि कॉल किस तरह से आते है, कॉल सुनने या इटरेक्टिव वॉइस रिस्पांस (आईवीआर) से दर्ज होने के बाद शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया क्या होती है, सामान्य रूप से शिकायत निवारण का औसत समय क्या है। मुख्य महाप्रबंधक श्री चौहान को दैनिक कॉल संख्या, शिकायतों की संख्या, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निराकरण के समय, साफ्टवेयर से उच्च स्तरी? मानिटरिंग, फीडबैक इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सोशल मीडिया, वाट्सएप नंबर इत्यादि से प्राप्त होने वाली शिकायतों एवं उनके समाधान के बारे में भी बताया गया।



# 46 छात्रों को मेडल देंगी राष्ट्रपति

## 160 छात्रों को उनके साथ फोटो खिंचवाने का मौका मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 सितंबर गुरुवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस दौरान वे अलग-अलग कोर्सेस के टॉपर्स को पदक प्रदान करेंगी और कई पीएचडी छात्रों को उनके साथ ग्रुप फोटो खिंचवाने का मौका मिलेगा। समारोह गुरुवार को दोपहर 3.10 बजे शुरू होगा और शाम 4.10 बजे पूरा हो जाएगा।**

मंच पर आठ लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि मुर्मू के अलावा राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर और डीएवीवी की कुलपति प्रो. रेणु जैन मंच पर मौजूद रहेंगी।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के 19 सितंबर को होने वाले दीक्षा समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से उपाधि नहीं मिलने से कई शोधार्थी नाराज हैं। उन्होंने एक बार फिर कुलगुरु डॉ. रेणु जैन से गुहार



लगाई है। कुलगुरु ने कार्यक्रम में संशोधन होने से मना कर दिया। इस पर शोधार्थी विश्वविद्यालय पर दबाव बना रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के कर्मचारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचित किया कि राष्ट्रपति लगभग 160 पीएचडी छात्रों को डिग्री प्रदान नहीं कर पाएंगे, जिन्होंने दीक्षांत समारोह के लिए पंजीकरण कराया था। यह 160 शोधार्थी अड़े हुए हैं और वे चाहते हैं कि राष्ट्रपति ही उन्हें उपाधि दे लेकिन समय की कमी की वजह से राष्ट्रपति सिर्फ 46 शोधार्थी को ही मेडल देंगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि राष्ट्रपति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार केवल गोल्ड और सिल्वर मेडल वाले छात्रों को ही पदक प्रदान की जाएंगे। कार्यक्रम के लिए राष्ट्रपति कार्यालय से 1 घंटे 10 मिनट की अनुमति प्रदान की गई है। जिसमें सभी को उपाधि दी जाना संभव नहीं है। बुधवार को तय हुआ कि दीक्षांत समारोह में 46 छात्रों को राष्ट्रपति के हाथों स्वर्ण और रजत पदक दिए जाएंगे हैं। वहीं 160 पीएचडी छात्रों को राष्ट्रपति के साथ फोटो खिंचवाने का मौका मिलेगा। राष्ट्रपति के जाने के बाद कुलपति डॉ. रेणु जैन इन छात्रों को डिग्री देंगी। डीएवीवी में होने वाले दीक्षांत समारोह के लिए आमंत्रितों को एक घंटे पहले पहुंचना होगा। मोबाइल से फोटो या वीडियो लेने पर पाबंदी रहेगी। पार्किंग की अलग व्यवस्था की गई है। सुरक्षा मानकों से गुजरने के बाद ही कार्यक्रम में जाने का मौका मिलेगा।

### ट्रैफिक प्लान जारी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार और गुरुवार को इंदौर में रहेंगी। ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए ट्रैफिक डायवर्शन प्लान जारी किया है। बुधवार को दोपहर 3 बजे से यातायात प्लान लागू किया जाएगा। यह 2 दिन तक रहेगा। हालांकि राष्ट्रपति के आने-जाने के दौरान ही डायवर्शन रहेगा। इस दौरान सभी तरह के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- एयरपोर्ट रोड पर आने-जाने के लिए वाहन चालक डीआरपी लाइन, मरीमाता, कालानी नगर मार्ग का उपयोग करने से बचें।
- एयरपोर्ट जाने के लिए एमआर-10 रोड, लवकुश चौराहा से सुपर कॉरिडोर रोड का उपयोग करना अधिक सुविधाजनक रहेगा।
- भंवरकुआं क्षेत्र से एयरपोर्ट की ओर जाने के लिए महूनाका, गंगवाल बस स्टैंड, चंदननगर, नावदापंथ, दिलीप नगर कट, सुपर कॉरिडोर चौराहा होते हुए एयरपोर्ट जाना अधिक सुविधाजनक रहेगा।
- विजयनगर से भंवरकुआं की ओर जाना हो तो रिंग रोड का उपयोग करना अधिक सुविधाजनक होगा।
- सरवटे और रेलवे स्टेशन से उज्जैन की ओर जाने वाले वाहन एसजीएसआईटीएस, राजकुमार ब्रिज के नीचे से, लक्ष्मीबाई बाई रेलवे स्टेशन, बाणगंगा रेलवे फाटक होते हुए आवागमन कर सकते हैं।
- देपालपुर, गांधी नगर, हातोद तरफ जाना हो तो एमआर-10, लवकुश चौराहा, सुपर कॉरिडोर होते हुए जा सकते हैं।

## हाइड्रोलिक मशीन से विसर्जित की लाखों मूर्तियां

### विधि विधान का किया पालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अनंत चतुर्दशी के दूसरे दिन बुधवार को भगवान श्रीगणेश की मूर्तियों का जवाहर टेकरी पर विधि विधान से विसर्जन किया गया। इसमें हाइड्रोलिक मशीन का उपयोग किया गया था। इसके पहले विसर्जन स्थल का बारीकी से निरीक्षण निगमायुक्त शिवम वर्मा और अधिकारियों ने किया था। विसर्जन कार्य में कन्वेयर बेल्ट, 5 हाइड्रोलिक प्लेटफार्म, एक क्रेन, मूवेबल प्लेटफॉर्म की मदद ली गई थी।**

यहां 100 से अधिक आयशर वाहनों में लाखों मूर्तियां लाई गई थी। उल्लेखनीय है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देश पर विसर्जन संबंधी उपकरण तैयार किए गए थे। इसके पहले मंगलवार को सुबह से निगम द्वारा प्रमुख चौराहों पर रखे गए अस्थाई कुंडों में मूर्तियों को प्रतीकात्मक विसर्जन करने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो रात तक चलता रहा। इसके बाद कुंडों से मूर्तियों को इस तरह आयशर वाहन में रखा गया कि उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नहीं हो पाया। जवाहर टेकरी पर आयशर वाहन से मूर्तियां सुरक्षित तरीके से उतारी और एक-एक मूर्तियों को विसर्जित किया।

## कार की हवा निकालने पर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक अन्य मामले में सागर पिता नवीन निवासी पल्हर नगर ने अमन यादव, संदीप यादव, सत्री यादव, संतोष यादव निवासी कड़ाबीन की शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार शाम 4 बजे नारनोली धर्मशाला में भंडारा हो रहा था। इसमें कार लगाकर अंदर चले गए थे। कुछ देर बाद कुछ लोगों ने कार की हवा निकाल दी। इस पर वहां खड़े सत्री यादव से पूछा तो उसने हवा निकालने की बात से इनकार कर दिया। तभी वहां संदीप, संतोष और अमन ने मारपीट की। एरोड्रम पुलिस जांच कर रही है।

## माहेश्वरी समाज का परिचय सम्मलेन इस बार डिजिटल होगा

**इंदौर।** श्री माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ सेवा ट्रस्ट द्वारा गत 35 वर्षों सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे परिचय सम्मलेन की कड़ी में 36 वां परिचय सम्मलेन 12 - 13 व 14 अक्टूबर को संपन्न होने जा रहा है। परिचय सम्मेलन पूरी तरह ऑनलाइन रहेगा तथा एक भी बायोडाटा फिजिकल रूप स्वीकार नहीं किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम माहेश्वरी एवं प्रहलाद मोदानी को सम्मलेन का संयोजक मनोनीत किया गया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष कमल भुराडिय़ा एवं सचिव कल्याणमल मंत्री ने बताया कि समय के साथ इस सम्मलेन को हाईटेक किया जा रहा है। सभी प्रविष्टियां ऑनलाइन ही स्वीकार की जा रही है। संस्था के ट्रस्टी लक्ष्मण पटवा, रामकृष्ण जाखेटिया, मनीष बिसानी ने बताया कि सम्मलेन की सभी गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु समाजसेवी प्रेम माहेश्वरी व प्रहलाद मोदानी को संयोजक तथा पूनम मालपानी व रेखा काकाणी को सहसंयोजक बनाया गया है।

## कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय का एक्स अकाउंट हैक

### हैकर्स ने क्रिप्टो करेंसी का प्रमोशन किया; हॉकी इंडिया का हैंडल भी हैक हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और इंदौर-1 से विधायक कैलाश विजयवर्गीय का एक्स (ट्वीटर) अकाउंट बुधवार रात हैक कर लिया गया। शिकायत के बाद इसे रिस्टोर किया गया है। इस दौरान हॉकी इंडिया समेत कई अकाउंट और भी हैक हुए थे। कुछ देर बाद ही सभी अकाउंट रिस्टोर हो गए।**

हैकर्स ने विजयवर्गीय का अकाउंट हैक करने के बाद क्रिप्टोकरेंसी का प्रमोशन किया। 18 सितंबर की रात करीब 11.30 बजे जो अकाउंट हैक हुए, उनमें दुनिया के गोल ब्राजील, हैदराबाद मेट्रो, सैंटा क्रूज काउंटी आदि प्रमुख अकाउंट्स शामिल हैं। इसी तरह 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक्स अकाउंट भी हैक हो चुका है।

### अकाउंट हैक करने के बाद मैसेज भी लिखा

हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी की एक लिंक पोस्ट की। पोस्ट में लिखा - यह अकाउंट हैक हो चुका है। हम जिस भी अकाउंट को हैक करते हैं, उस पर एक टोकन एड्रेस पब्लिश करते हैं और साथ में प्रॉफिट कमाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्विटर अकाउंट दिसंबर 2021 में हैक हो गया था। पीएमओ ने ये जानकारी दी थी। साथ ही हिदायत दी थी कि इस दौरान किए गए सभी ट्वीट को इग्नोर किया जाए। अकाउंट हैक करने के बाद उससे क्रिप्टोकरेंसी को लेकर ट्वीट किया गया था, जिसमें लिखा था - भारत ने आधिकारिक रूप से बिटकॉइन को कानूनी मान्यता दे दी है।

### डेटा की सुरक्षा पर सवाल उठे

इन ऑफिशियल एक्स अकाउंट्स पर क्रिप्टोकरेंसी की संदिग्ध पोस्ट देखकर यूजर्स ने तुरंत कमेंट्स करना शुरू कर दिया और अकाउंट के हैक होने की बात भी शेयर कर की। यूजर्स ने डेटा की सुरक्षा को लेकर भी सवाल किए। बता दें कि हैक हुए अकाउंट्स पर लाखों की तादाद में फॉलोअर्स हैं। इस तरह के साइबर अटैक से लाखों लोगों को नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

## इंदौर में संभावनाएं तलाशेंगे रियल एस्टेट ब्रोकर्स और डेवलपर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर और तेजी से विकसित होते टियर-2 शहरों की फेहरिस्त में इंदौर का नाम टॉप पर है। इसी कारण इस वर्ष एनएआर- इंडिया गवर्निंग बॉडी की बैठक इंदौर में आयोजित की जाएगी। इस तीन दिनी प्रोग्राम के तहत शहर के रियलटर्स को लीडरशिप ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही रियल एस्टेट सेक्टर में होने वाले परिवर्तनों और नए ट्रेंड से उन्हें परिचित कराया जाएगा। एनएआर-इंडिया एक नॉन प्रॉफिट आर्गेनाईजेशन है। यह रियल एस्टेट ट्रांजिक्शन एडवाइजरी का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने मेंबर्स के प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए काम करती है। देश भर में ठअफ-कठऊकअ के 40 हजार से अधिक मेंबर्स है और हर शहर से दो प्रतिनिधि लेकर कुल 44 प्रतिनिधियों के साथ ठअफ-कल्लूिं की गवर्निंग बॉडी तैयार की जाती है। एनएआर- इंडिया के सिटी चैप्टर इंदौर रियलटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के तहत इंदौर रियल एस्टेट उद्योग में रियल एस्टेट ब्रोकर्स, रियलटर्स के हितों और लाभों के लिए कार्य किया जाता है।

## मारवाड़ी समाज का 64 वां स्नेह सम्मेलन व सम्मान समारोह

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व तपस्वियों के बहुमान के साथ संपन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक मारवाड़ी समाज का 64 वां स्नेह सम्मेलन व सम्मान समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रम व तपस्वियों के बहुमान के साथ संपन्न रविवार को इंदौर के पश्चिमी रिंग रोड स्थित अक्षत गार्डन पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ आयोजन के मुख्य लाभार्थी श्री महेंद्र भाई शाह परिवार एवं अतिथियों के करकमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन समाज के अध्यक्ष दिलीप जैन ने दिया। अतिथि स्वागत प्रकाश ओसवाल एवं गिरीश सिंघी ने किया। इस अवसर पर सम्मान समारोह के मुख्य आयोजन के अंतर्गत समारोह के मुख्य लाभार्थी समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री महेंद्र भाई शाह का शाल, श्रीफल एवं मोतियों की माला पहनाकर किया गया। हमेशा सबकी मदद का जज्बा रखने वाले श्री महेंद्र भाई शाह के सम्मान समारोह के अवसर पर प्रसिद्ध शिक्षाविद श्री जयंतीलाल भंडारी, प्रसिद्ध चिकित्सक श्री मनीष पोरवाल, प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ अचल चौधरी, प्रसिद्ध उद्योगपति श्री मनीष सुराणा, संजय मोगरा एवं शिक्षाविद् तथा वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती सरिता शर्मा भी उपस्थित थी। आयोजन के दौरान तपस्वियों का बहुमान लाभार्थी परिवार श्री संजय बाबू भाई शाह परिवार द्वारा संयोजक श्री प्रकाश शाह के साथ किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन सचिव संजय डिंग डांग ने किया एवं समापन पर आभार गिरीश सिंघी ने माना।

## रबी सीजन में पश्चिम क्षेत्र की बिजली मांग 7500 मैगावाट तक पहुंचेगी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रबी सीजन की प्रभावी तैयारी की जा रही है। कंपनी क्षेत्र के सभी 15 जिलों मे ग्रिड, फीडरों के मैंटेनेंस, पावर ट्रांसफार्मर के कार्य, ट्रांसफार्मर के कार्य, लोकल रिपेयरिंग यूनिट के कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी क्षेत्र में करीब चौदह लाख किसानों को सिंचाई के लिए दैनिक दस घंटे बिजली प्रदाय की जाती है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि रबी सीजन की शुरूआत अगले दो-तीन सप्ताह में होना है। शीतकाल में रबी सीजन का पिक बिजली लोड फसल की बुवाई के अनुक्रम में दिसंबर, जनवरी को आता है। इस वर्ष पिक लोड यानि कंपनी क्षेत्र की अधिकतम बिजली मांग 7500 मैगावाट तक पहुंचने की संभावना है। आपूर्ति साढ़े बारह करोड़ यूनिट दैनिक तक पहुंच सकती हैं।

# ग्वालिया, रीवा, भोपाल समेत कई जिलों में हुई बारिश, बरगी डैम के 9 गेट खुले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में बारिश का एक्टिव सिस्टम से बुधवार को ग्वालियर भिंड रीवा समेत कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। राजधानी भोपाल में दिनभर मौसम साफ रहने के बाद दोपहर के बाद करीब 5 बजे बारिश शुरू हो गई। इधर लगातार हो रही बारिश से जबलपुर के बरगी डैम के 9 गेट खोले गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के पूर्वी हिस्से यानी जबलपुर, शहडोल, रीवा और सागर संभाग में एक्टिव स्ट्रॉन्ग सिस्टम आगे बढ़ गया है। अब नए सिस्टम के एक्टिव होने तक प्रदेश में हल्की बारिश, तेज धूप और छांव वाला मौसम रहेगा।



### रीवा, भिंड ग्वालियर के स्कूलों में रही छुट्टी

लगातार हो रही बारिश से रीवा भिंड ग्वालियर के कलेक्टर ने बुधवार को स्कूल में छुट्टी घोषित की थी। मंगलवार को हुई तेज बारिश से जबलपुर के बरगी डैम के 9 गेट खोल दिए गए हैं। सभी गेट बुधवार को 1.6 मीटर तक खोले गए हैं। ग्वालियर-भिंड में सुबह तेज बारिश हुई। वहीं तिघरा बांध के पांच गेट खोले गए हैं। इससे सांक नदी उफान पर है। नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी किया है।टीकमगढ़ में भी रिमझिम पानी गिरा।

### प्रदेश में 10% ज्यादा बारिश दर्ज

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश में अब तक 41 इंच बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश से करीब 10% ज्यादा है। मंडला, सिवनी और श्योपुर ऐसे जिले हैं, जहां 50 इंच या इससे अधिक पानी गिर गया है। मौसम विभाग की सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि लो प्रेशर एरिया और मानसून ट्रफ की वजह से प्रदेश में बारिश हो रही है। अब यह सिस्टम आगे बढ़ गया है। इससे बारिश की एक्टिविटी कम हो जाएगी।

### प्रदेश के इन जिलों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में भिंड, मुरैना, श्योपुर और शिवपुरी में तेज बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत अन्य जिलों में हल्की बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी रह सकती है। दूसरी ओर, नीमच, मंदसौर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और अनूपपुर में तेज धूप निकलने के आसार हैं।

## महिलाओं के कपड़े पहनकर डकैती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** गुना के हनुमान टेकरी मंदिर पर डकैती डालने वाले पकड़े गए हैं। वारदात राजस्थान की कालबेलिया गैंग ने की थी। डकैतों को ट्रेस करना पुलिस के लिए काफी चैलेंजिंग था। 20 पुलिसकर्मियों की टीम ने लगातार 20 दिन मेहनत की और 10 किलो चांदी रिकवर कर ली। पहला क्लू घटना के 14 दिन बाद मिला। यह 6 सेकेंड का सीसीटीवी फुटेज था। इसके लिए पुलिस को 150 किलोमीटर में लगे करीब 500 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पड़े। इसी एक क्लू के आधार पर पुलिस एक हफ्ते में डकैतों तक पहुंच गई और तीन आरोपी धर लिए। एक आरोपी सुनार है, जो चांदी के आभूषणों को गलाकर ईंट बना रहा था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि बदमाश भेष बदलकर और महिलाओं के कपड़े पहनकर मंदिर में घुसे थे। पुलिस को कालबेलिया समाज के बदमाशों पर शक हुआ। वे टेकरी के पीछे से आए और इसी रास्ते से भाग निकले थे।पुलिस इसी आधार पर जांच करने लगी। टेकरी के पीछे की तरफ से रामटेकरी होते हुए एक रास्ता बमोरी, फतेहगढ़ तरफ जाता है। टीम ने इसी रास्ते पर लगे सीसीटीवी को खंगालना शुरू किया।

## देवर-नंदोई ने विवाहिता से किया रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर के कंपू थाना क्षेत्र के आमखो कंपू निवासी 26 वर्षीय महिला ने शिकायत की है कि वह मूलतः सीहोर थाना क्षेत्र के फूलपुर की रहने वाली है। तीन दिन पहले उसके मोबाइल पर रिश्ते के देवर छोटू ने कॉल किया और उसे बताया कि वह डबरा आ जाए क्योंकि वहां पर अकेली रहती है और डबरा में उसकी नौकरी लगवा देते हैं। उसकी बात पर विश्वास करके वह बस से डबरा पहुंची और वहां पर छोटू के साथ उसका रिश्ते का नंदोई अरविंद भी सफेद कार लेकर खड़ा था। उनके पहुंचने के बाद वह उसे कर में बिठाकर काफी देर तक इधर-उधर घूमते रहे इसी दौरान जब देर रात हो गई और जाने के लिए उसे कोई साधन नहीं मिला तो छोटू और अरविंद में उसे ग्वालियर कर से छोड़ने के लिए बोला तो वह तैयार हो गई तो वह उसे कार में बिठाकर ग्वालियर छोड़ने के लिए निकले बीच में खाना खाने के लिए एक ढाबे पर रुके थे, जहां बैठकर उन तीनों ने खाना खाया था। खाना खाने के बाद छोटू और अरविंद ने उसे पीने के लिए कोल्ड ड्रिंक दी थी। फिर वह कार में बैठकर ग्वालियर के आमखो स्थित पीपल के पेड़ के पास पहुंचे ही थे कि छोटू ने कार को रोक दिया और उसके बाद वह उसके साथ गलत काम किया। जब विवाहिता ने इसका विरोध किया तो छोटू और अरविंद ने उसकी मारपीट कर उसे वही छोड़कर कर लेकर भाग निकले।वारदात की शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

अतिथि शिक्षकों को लेकर शिक्षा मंत्री बोले-

# मेहमान बनकर आओगे तो क्या घर में कब्जा कर लोगे, पटवारी ने घेरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का अतिथि शिक्षकों को लेकर एक बयान ने बवाल मचा दिया है। स्कूल शिक्षा मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि उनके हितों की रक्षा सरकार करेगी। लेकिन उपयोगिता भी देखी जाएगी। नाम क्या है उनका अतिथि आप मेहमान बनकर आओगे तो क्या घर पर कब्जा करोगे। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि जहां शिक्षक कम हैं, वहां अतिथि शिक्षकों की सेवा ली जाती है। बाकी अतिथि शिक्षकों के हितों की चिंता विभाग कर रहा है।

इस बयान पर कांग्रेस के प्रदेश



अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि स्कूल शिक्षा मंत्री को माफी मांगनी चाहिए। पटवारी ने कहा कि कब्जा क्या होता है? आप व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षकों को रखते हो। वे सेवाएं देते हैं। आप सेवाएं लेना चाहते हैं और बाद में अपमानित करना चाहते हो। वो भी मंत्री यानि सरकार का एक नुमाइंदा। एक मंत्री का बयान मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। मैं मानता हूं कि शिक्षा मंत्री को माफी मांगनी चाहिए।

### पांच सूत्री मांगों को लेकर किया था आंदोलन

दरअसल, आठ हजार से ज्यादा अतिथि शिक्षक नियमितिकरण समेत पांच मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने बीते 10 सितंबर को भोपाल में तिरंगा यात्रा निकालकर प्रदर्शन भी किया था। बारिश के बीच प्रदर्शन छह घंटे तक चला था।

अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप से भी मुलाकात कर चुका है। लेकिन अब तक बात नहीं बनी है। शिक्षा मंत्री ने अतिथि शिक्षकों के खिलाफ इस प्रकार का बयान देकर आग में घी छिड़कने का काम किया है। पहले से ही अतिथि शिक्षक राज्य सरकार के खिलाफ नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर काफी आक्रोशित हैं। ऊपर से स्कूल शिक्षा मंत्री की तरफ से इस प्रकार का बयान आने के बाद आगे क्या होगा यह एक दिलचस्प पहलू होगा।

## सीहोर में पंडित प्रदीप मिश्रा बोले- मां और परमात्मा दोनों कभी अपने बच्चों से भेद नहीं करते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** मां और परमात्मा दोनों कभी अपने बच्चों से भेद नहीं करते हैं। माताएं अपने बच्चों से जन्म से ही प्यार करती हैं और उनका समर्थन करती हैं। माताएं अपने बच्चों को अभिभावक देवदूत के समान मानती हैं। माताएं अपने बच्चों से खुद से ज्यादा प्यार करती हैं। वह अपने बच्चों को खिलाने के लिए भूखी रह सकती हैं, फिर भी वह उनसे ज्यादा खुश रहती हैं। एक मां ने अपने बेटे के माध्यम से हमें ये संदेश दिया है कि हर एक इंसान में परमात्मा रहते हैं। लेकिन हम भेदभाव करते हैं, इस भेदभाव को दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

उक्त विचार सीहोर शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में अग्रवाल पंचायती भवन में चल रही सात दिवसीय शिवमय श्रीमद भागवत कथा के विश्राम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। बुधवार को विश्राम दिवस के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी सजाई गई थी और भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसका शहर के चरखा लाइन, बड़ा बाजार और खजांची लाइन में घर-घर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कथा के अंत में अग्रवाल महिला मंडल के तत्वाधान में करीब 18 साल से प्रसादी आदि में सहयोग करने वाले अपना कैटरिंग के संचालक दिलीप प्रजापति और समिति के मनोज दीक्षित मामा का सम्मान भी पंडित मिश्रा और मंडल की अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल ने किया।

पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान पर भरोसा और विश्वास करने वाला सदैव सुखी रहता है। भगवान का भजन करने वाला, जाप करने वाला कभी निर्धन नहीं हो सकता। सुदामा तो भगवान के मित्र थे, यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। सुदामा की मित्रता भगवान के साथ निस्वार्थ थी।

## बहू ने FIR की तो बिगड़ी ससुर की तबीयत, पुलिस ने नहीं जाने दिया अस्पताल, बेसुध होकर गिरे, फिर तोड़ दिया दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के ऐशबाग थाने में एक व्यक्ति की अचानक तबीयत बिगड़ गई, उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसेस मृत घोषित कर दिया। जिस व्यक्ति की मौत हुई है उसकी बहू ससुराल वालों के खिलाफ प्रताड़ित करने की रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंची थी। मृतक अकरम पीडब्ल्यूडी का कर्मचारी है।**

मृतक अकरम के परिजनों का आरोप है कि बहू एफआईआर कराने के लिए थाने पहुंची थी। इसके बाद सब इंस्पेक्टर ने अकरम को थाने बुलाया, जहां पहुंचने पर उसके साथ बदसलूकी की गई। इससे अकरम की तबीयत बिगड़ने लगी, लेकिन सब इंस्पेक्टर ने उन्हें अस्पताल जाने के लिए नहीं छोड़ा और न ही खुद अस्पताल पहुंचाया। कुछ देर बाद अकरम के हाथ पैर अकड़ने लगे और फिर वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गए। जिसके बाद उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर कि बदसलूकी के कारण ही अकरम की जान गई है। मौत के बाद परिजनों ने बुधवार देर रात थाने के बाहर जमकर हंगामा किया। पुलिस हिरासत में मौत का मामला मानते हुए डीपी प्रियंका शुक्ला ने कहा है कि न्यायिक जांच कराई जाएगी। आज गुरुवार को न्यायिक जांच के आदेश होने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार ऐशवाग थाना क्षेत्र में रहने वाले 52 साल के अकरम नामक के बेटे की कुछ महीने पहले शादी हुई थी। बहू का आरोप है कि ससुराल वाले उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। बुधवार रात बहू ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाने ऐशबाग थाने पहुंची। उसके पीछे ससुर अकरम और अन्य परिजन भी थाने पहुंच गए। पुलिस अधिकारी दोनों पक्षों को आपस में समझाइश दे रहे थे, लेकिन बहू मानने को तैयार नहीं थी। ऐसे में पुलिस ने बहू की रिपोर्ट दर्ज करनी शुरू कर दी, इसी बीच अचानक अकरम की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## संपादकीय


# अंधविश्वास का जटिल मायाजाल

जिस दौर में विज्ञान रोज नई ऊंचाइयां छू रहा है, नई तकनीकी समाज के हाशिये के तबकों तक पहुंचाई जा रही है, वैसे में महज कल्पना या अंधविश्वासों की वजह से किसी को बर्बरता से पीट-पीट कर मार डालने की घटनाएं विकास के तमाम दावों पर सवालिया निशान लगाती हैं। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के एक गांव में रविवार को तीन महिलाओं सहित पांच आदिवासियों की इसलिए पीट-पीट कर हत्या कर दी गई कि उन पर लोगों को यह शक था कि वे जादू-टोना करके दूसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी तरह, कुछ दिन पहले पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के हरिसारा गांव में दो आदिवासी महिलाओं को जादू-टोना करने के संदेह में स्थानीय लोगों ने पीट-पीट कर मार डाला। महज गलत धारणाओं की वजह से हुई हत्या की इन घटनाओं के बाद पुलिस ने कुछ स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया, लेकिन सवाल है कि क्या सिर्फ कुछ गिरफ्तारियों से ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती हैं? इस तरह की घटनाओं के वक्त ऐसा करने वालों के भीतर कहीं भी कानून का खौफ दिखाई नहीं देता है। मगर जब ऐसा कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तो पुलिस कानूनी कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करती दिखती है। यह छिपा नहीं है कि आज भी बहुत सारे लोग कई तरह के अंधविश्वासों का शिकार होकर जादू-टोना जैसी झूठी आशंकाओं के प्रभाव में आकर आपराधिक वारदात को भी अंजाम देते हैं। विडंबना है कि ऐसी धारणाओं के शिकार कई बार पढ़े-लिखे कहे जाने वाले या शहरी लोग भी होते हैं। संविधान में जहां वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के प्रावधान मौजूद हैं, वहां इस दिशा में सरकार की ओर से बहुत कम ठोस प्रयास देखे जाते हैं। खासकर वैसे तबकों के बीच शिक्षा के साथ वैज्ञानिक चेतना के प्रसार की जरूरत है, जो किसी भी अभाव, परेशानी, बीमारी आदि की स्थिति में किसी अन्य व्यक्ति पर जादू-टोना करने का शक करते और तांत्रिकों के उकसावे में आकर उन्हें मार डालने से भी नहीं हिचकते। शायद बाद में कानूनी कार्रवाई का सामना करते हुए उन्हें अपने किए पर पछतावा होता हो।

**अर्ज़ किया है..!**

*बात में बात उसी की है*
*सुनो तुम जिस की*
*यूँ तो कहने को सभी*
*मुँह में ज़बाँ रखते हैं*

*-अश्क रामपुरी*




### धर्म-कर्म

# पितरों के देवता अर्यमा कौन हैं, पितरों की मुक्ति के लिए क्यों करना चाहिए इनका आह्वान

पितृपक्ष में पितरों की आत्मा की शांति के लिए उनका तर्पण किया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि हमारे पूर्वज मरने के बाद पितरलोक में निवास करते हैं। इस पितरलोक में एक दूसरा संसार है, जहां पर यहां जैसा जीवन होता है। आप जो भी चीजें पितरों को अर्पित करते हैं, वे उन तक उसी लोक में पहुंचती है लेकिन क्या आप जानते हैं कि पितरलोक का देवता कौन है? पितरों के देव अर्यमा है। आइए, जानते हैं पितृलोक के देवता भगवान अर्यमा के बारे में।

## पितरों के देवता अर्यमा कौन हैं

ऋषि कश्यप की पत्नीं अदिति के 12 पुत्रों में से एक अर्यमा थे। इन 12 पुत्रों के नाम हैं, अंशुमान, इंद्र, अर्यमन, त्वष्टा, धातु, पर्जन्य, पूषा, भग, मित्र, वरुण, विवस्वान और त्रिविक्रम (वामन) थे। अदिति के तीसरे पुत्र और आदित्य नामक सौर-देवताओं में से एक अर्यमन या अर्यमा को पितरों का देवता भी कहा जाता है। आकाश में आकाश गंगा उन्हीं के मार्ग का सूचक है। सूर्य से सम्बधित इन देवता का अधिकार सुबह और रात्रि के चक्र पर है। चंद्रमंडल में स्थित पितृलोक में अर्यमा सभी पितरों के अधिपति नियुक्त हैं। वे जानते हैं कि कौन-सा पितृ किस कुल और परिवार से है।

## उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र में निवास करते हैं अर्यमा

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ऊपर की किरण (अर्यमा) और किरण के साथ पितृ प्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। पितरों में श्रेष्ठ है अर्यमा। अर्यमा पितरों के देव हैं। ये महर्षि



कश्यप की पत्नी देवमाता अदिति के पुत्र हैं और इंद्रादि देवताओं के भाई। पुराण अनुसार उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र इनका निवास लोक है। इनकी गणना नित्य पितरों में की जाती है जड़-चेतन मयी सृष्टि में, शरीर का निर्माण नित्य पितृ ही करते हैं। इनके प्रसन्न होने पर पितरों की तृप्ति होती है। श्राद्ध के समय इनके नाम से जलदान दिया जाता है। यज्ञ में मित्र (सूर्य) तथा वरुण (जल) देवता के साथ स्वाहा का 'हव्य' और श्राद्ध में स्वधा का 'कव्य' दोनों स्वीकार करते हैं।

## पितृपक्ष में पितरों के देवता अर्यमा का महत्व

पितृपक्ष में तीन पीढ़ियों तक के पिता पक्ष के तथा तीन पीढ़ियों तक के माता पक्ष के पूर्वजों के लिए तर्पण किया जाता है। इन्हीं को पितर कहते हैं। दिव्य पितृ तर्पण, देव तर्पण, ऋषि तर्पण और दिव्य मनुष्य तर्पण के पश्चात ही स्वयं पितृ तर्पण किया जाता है।

**ॐ अर्यमा न त्रिप्ताम इदं तिलोदकं तस्मै स्वधा नमः।...ॐ मृत्योर्मा अमृतं गमय।।**

**अर्थात** : पितरों में अर्यमा श्रेष्ठ है। अर्यमा पितरों के देव हैं। अर्यमा को प्रणाम। हे! पिता, पितामह, और प्रपितामह। हे! माता, मातामह और प्रमातामह आपको भी बारम्बार प्रणाम। आप हमें मृत्यु से अमृत की ओर ले चलें।

## कितने तरह के होते हैं पितर

पुराण अनुसार मुख्यतः पितरों को दो श्रेणियों में रखा जा सकता है- दिव्य पितर और मनुष्य पितर। दिव्य पितर उस जमात का नाम है, जो जीवधारियों के कर्मों को देखकर मृत्यु के बाद उसे क्या गति दी जाए, इसका निर्णय करता है। इस श्रेणी का प्रधान यमराज है। यमराज की गणना भी पितरों में होती है। काव्यवाडनल, सोम, अर्यमा और यम- ये चार श्रेणी मुख्य गण प्रधान हैं। अर्यमा को पितरों का प्रधान माना गया है और यमराज को न्यायाधीश। इन चारों के अलावा प्रत्येक वर्ग की ओर से सुनवाई करने वाले हैं। जैसे, अग्निष्व, देवताओं के प्रतिनिधि, सोमसद या सोमपा-साध्यों के प्रतिनिधि तथा बहिर्पद-गंधर्व, राक्षस, किन्नर सुपर्ण, सर्प तथा यक्षों के प्रतिनिधि हैं। इन सबसे गठित जो जमात है, वही पितर हैं। यही मृत्यु के बाद न्याय करती है।

## पितृलोक की तरह पक्षियों का लोक भी है

धर्मशास्त्रों अनुसार पितरों का निवास चंद्रमा के उर्ध्वभाग में माना गया है। यह आत्माएं मृत्यु के बाद एक वर्ष से लेकर सौ वर्ष तक मृत्यु और पुनर्जन्म की मध्य की स्थिति में रहते हैं। पितृलोक के श्रेष्ठ पितरों को न्यायदात्री समिति का सदस्य माना जाता है। अन्न से शरीर तृप्त होता है। अग्नि को दान किए गए अन्न से सूक्ष्म शरीर और मन तृप्त होता है।

Noida

# रिटायर्ड IAS के घर मिले करोड़ों के हीरे, बसपा सरकार में नोएडा में खूब था जलवा

**नोएडा, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मेरठ स्थित शारदा एक्सपोर्ट के मालिक, उनसे जुड़े लोगों और उनकी योजनाओं में साठगांठ करने वाले सेवानिवृत्त आईएएस के यहां बुधवार को एक साथ बड़ी छापेमारी की। इस दौरान टीम ने दो के घर से 12 करोड़ के हीरे बरामद किए हैं।

यह छापा चंडीगढ़ में यूपी से सेवानिवृत्त आईएएस मोहिंदर सिंह, मेरठ के कारोबारी आदित्य गुप्ता समेत पांच लोगों के यहां मारा गया। मोहिंदर सिंह के घर से सात करोड़ रुपये के हीरे और व्यापारी के घर से पांच करोड़ रुपये के हीरे बरामद हुए। इसके अलावा इस कार्रवाई में सात करोड़ रुपये का सोना, नगदी और कई संदिग्ध



दस्तावेज भी मिले हैं। ईडी की दोनों टीमें बुधवार की दोपहर कार्रवाई पूरी कर लखनऊ लौट आईं। यह भी कहा जा रहा है कि एक टीम दिल्ली चली गई है। इस बारे में ईडी के अफसरों ने ज्यादा कुछ नहीं बोला।

ईडी सूत्रों के मुताबिक, शारदा एक्सपोर्ट समूह से जुड़े लोगों के मेरठ, दिल्ली, चंडीगढ़ और गोवा के ठिकानों पर मंगलवार को छापेमारी की गई थी। इस दौरान मिले कई दस्तावेजों से महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगीं। इसके बाद ही ईडी की दो टीमों ने वर्ष 2011 में नोएडा के सीईओ रहे मोहिंदर सिंह के चंडीगढ़ स्थित आवास पर बुधवार तड़के दबिश दे दी। इस छापे की किसी को भनक तक नहीं लगी। ईडी के अफसरों ने बताया कि इस पूरी कार्रवाई में तीन घरों से सात करोड़ रुपये का सोना व अन्य जेवर भी मिले हैं।

New Delhi

## 21 सितंबर को आतिशी का शपथ ग्रहण समारोह, उनके साथ अन्य मंत्री भी लेंगी शपथ



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। अरविंद केजरीवाल ने बीते मंगलवार की शाम को एलजी को अपना इस्तीफा सौंपा था और आतिशी ने सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

आम आदमी पार्टी ने एक बयान में कहा कि आतिशी 21 सितंबर को दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगी, उनके साथ अन्य मंत्री भी शपथ लेंगे। बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सरकार के गठन के प्रस्ताव के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा था। इससे पहले मंगलवार अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से पहले अपने उत्तराधिकारी के तौर पर आतिशी को चुना। मंगलवार शाम राजनिवास पहुंचे केजरीवाल ने केजरीवाल ने एलजी का सौंपा। साथ में आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। उपराज्यपाल ने दोनों प्रस्तावों को बुधवार मंजूरी के लिए राष्ट्रपति को भेज दिया। इसमें 21 सितंबर को आतिशी को शपथ दिलाने का प्रस्ताव भी एलजी ने राष्ट्रपति को दी। यह फाइल केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी भेजी गई। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद आतिशी शनिवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगी। राज निवास सूत्रों के अनुसार, एलजी ने स्वेच्छा से शपथ दिलाने की तारीख तय की है।

Chhattisgarh

## छत्तीसगढ़: CAF कैंप में जवान ने चलाई ताबड़तोड़ गोलियां, एक की मौत, 3 घायल

**बलरामपुर, (एजेंसी)** बलरामपुर में CAF कैंप में अचानक गोलीबारी में एक जवान की मौत का मामला सामने आया है. बताया जाता है कि कैंप के एक जवान ने ही गोली चलाई थी. अचानक शुरू हुई फायरिंग में एक जवान की मौत हो गई. वहीं तीन अन्य जवान बुरी तरह से घायल हो गए. घटना की जांच की जा रही है. जवान ने गोली किस वजह से चलाई. अभी इसका पता नहीं चल पाया है.

बलरामपुर जिले के सामरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भूताही स्थित कैंप में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (CAF) के एक जवान ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. घटना में एक जवान की मौत हो गई. वहीं तीन अन्य जवानों को गोली लगी है. सभी घायल जवानों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी लाया जा रहा है. फायरिंग का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है. पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल स्वयं घटनास्थल के लिए रवाना हुए हैं. अचानक हुई इस घटना से जवानों को संभलने का अवसर भी नहीं मिल पाया. बलरामपुर जिले का भूताही, छत्तीसगढ़ और झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है.

Uttarpradesh

## सीतापुर में मार्निंग वॉक पर निकलीं 3 लड़कियों को वाहन ने रौंदा, 2 सगी बहनों की मौत

**सीतापुर, (एजेंसी) सीतापुर में थाना लहरपुर क्षेत्र में स्थित नेशनल हाईवे 730 पर भदफर चौराहे के निकट स्थित आर्यावर्त बैंक के सामने गुरुवार की सुबह करीब 5:00 बजे मॉर्निंग वाक पर निकली तीन किशोरियों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दो सगी बहनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। एक अन्य घायल किशोरी को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है।**

थाना क्षेत्र के भदफर चौराहे पर स्थित आर्यावर्त बैंक के सामने मॉर्निंग वॉक पर निकली खुशबू (14) पुत्री मनोज कुमार, आरती(12)पुत्री रमा शंकर तथा रंजना(08)पुत्री रमाशंकर निवासी भगहरपुरवा मजरा रुखारा को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।जिससे आरती व रंजना की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची भदफर पुलिस ने घायल खुशबू को आनन फानन में अस्पताल भेजा, वही मृतक दोनों सगी बहनों के शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिए। दो सगी बहनों की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

बहराइच- जमुनहा मार्ग पर कटरा बहादुरगंज गांव व श्रावस्ती जिले के चिचड़ी सरहद पर मंगलवार रात तेज रफ्तार ई रिक्शे ने बाइक में कट मार दिया।

खेल

## भारतीय हॉकी टीम ने चीन को उसी के घर में रौंदा... रिकॉर्ड 5वीं बार जीता एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब

**हुलुनबुइर (चीन), (एजेंसी)** हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी 2024 में धमाल करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया है. फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम की टक्कर मंगलवार (17 सितंबर) को चीन से थी. इस मैच को जीतने में भारत को पसीने छूट गए. मगर आखिर में टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की.

भारतीय टीम के लिए यह एकमात्र गोल चौथे क्वार्टर के 10वें मिनट में डिफेंडर जुगराज सिंह ने किया. इससे पहले मैच में दोनों टीमों के बीच काफी कड़ी टक्कर रही. पहले तीन क्वार्टर बगैर किसी गोल के 0-0 से बराबरी पर रहे थे. मगर चौथे क्वार्टर में जुगराज ने मैच विनिंग गोल दागकर खिताब अपने नाम किया.

यह फाइनल मुकाबला चीन के हुलुनबुइर में हुआ. इससे पहले भारतीय टीम ने दूसरे



सेमीफाइनल में साउथ कोरिया को 4-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी. दूसरी चीन की हॉकी टीम पहली बार एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी. मगर वो खिताब जीतने से चूक गई.

**पाकिस्तान ने कोरिया को 5-2 से हराया-** इसी दिन टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिए पाकिस्तान और साउथ कोरिया के बीच मुकाबला हुआ. इसमें पाकिस्तानी टीम ने 5-2 से शानदार अंदाज में जीत दर्ज की और तीसरा स्थान हासिल किया. यह मुकाबला फाइनल से ठीक पहले इसी मैदान पर हुआ था.

**भारतीय टीम ने सबसे ज्यादा 5 बार खिताब जीते-** भारतीय टीम ने इतिहास में सबसे ज्यादा 5 बार (मौजूदा सीजन मिलाकर) एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब जीते हैं. पुरुष हॉकी एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी का पहला सीजन 2011 में खेला गया था. तब भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था. इसके बाद भारतीय टीम ने 2013, 2018, 2023 और 2024 सीजन भी जीता है. 2018 में भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ संयुक्त विजेता रही थी. एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी में अब तक 8 सीजन (मौजूदा मिलाकर) हो चुके, जिसमें से 4 बार भारत, 3 बार पाकिस्तान और एक बार साउथ कोरिया ने खिताब जीता है. जैसा कि ऊपर बताया है कि 2018 में भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता रहे थे.

**इस सीजन में एक भी मैच नहीं हारी भारतीय टीम-** भारतीय हॉकी टीम मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक कोई भी मैच नहीं हारी है. हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली यह टीम लगातार 6 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी. इसके बाद फाइनल भी अपने नाम किया. भारतीय टीम ने पूल स्टेज में अपने पांचों मुकाबले जीते थे और वो टूर्नामेंट के मौजूदा सीजन में अजेय रहने वाली इकलौती टीम रही.

भारतीय टीम ने अपने आखिरी पूल मैच में पाकिस्तान को 2-1 से मात दी थी.

सिनेमा

## नहीं रहे हिमेश रेशमिया के पिता, 87 साल की उम्र में हुआ निधन



एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है. हिमेश रेशमिया के पिता और मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर विपिन रेशमिया का निधन हो गया है. वो 87 साल के थे. पिछले कुछ वक्त से वो मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में भर्ती थे. हर किसी को आस थी कि वो ठीक होकर घर लौट आएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. 18 सितंबर शाम करीब 8:30 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली और दुनिया को अलविदा कह गए. हिमेश रेशमिया अपने पिता को गुरू मानते थे. वो उनके बेहद करीब थे. पिता के जाने के बाद हिमेश रेशमिया पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिमेश रेशमिया के पिता विपिन रेशमिया बढ़ती उम्र की समस्याओं और बीमारियों से जूझ रहे थे. उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, जिसके बाद उन्हें फौरन अस्पताल में एडमिट कराया गया. हालांकि, अब तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि वो अस्पताल में कब एडमिट हुए थे.

फैशन डिजाइनर वनिता थापर ने जानकारी दी है कि विपिन रेशमिया का अंतिम संस्कार 19 सितंबर को जुहू में किया जाएगा. गुरुवार को ही उनके पार्थिव शरीर को घर लाया जाएगा. विपिन रेशमिया के अंतिम संस्कार की जानकारी देते हुए वनिता थापर ने कहा कि 'बहुत ज्यादा दुख हो रहा है.

## Highlights

1. **21 homes set on fire in Bihar, shots fired; land dispute suspected**
2. **180 ml liquor for ₹99 in Andhra as new excise policy approved**
3. **Disturbing at many levels: Rajeev Chandrasekhar on EY employee's death**
4. **Indian govt, NSA Doval summoned by US court in alleged plot to kill separatist Pannun**
5. **Communal tension as stones pelted at Ganpati idol near mosque in Maha**

# Is Amazon silently laying off employees? 'Silent sacking is a five-phase plan'

**NEW DEIHI, (Agency).** Software engineer John McBride who used to work with Amazon Web Services (AWS) before quitting said that the tech giant is trying to reduce its workforce using its new work from office mandate. The Colorado-based engineer-who worked with Amazon for a year until June 2023-reflected on company CEO Andy Jassy's announcement of return to office rule and said that it should not have surprised anyone who has been paying attention to how the company has been functioning for years.




He wrote, "Ultimately, it comes down to taxes and economics." Talking about Amazon's five phase plan, John McBride said the first phase was laying off 30,000 employees, the second was starting return-to-office mandate and the third is "return to team" where employees had to work from offices where their team was physically located.

He said, "I went into the Denver office near me, a 20-minute commute." Even John McBride had to move to Seattle as he said that "many, many people left during this phase. This is when I personally left in 2023 because I wouldn't relocate to Seattle."

After this was "silent sacking" which "If you managed to somehow stick around this long, your work life would be made incredibly unsatisfying and cumbersome: you'd be left out of in-person meetings, you'd be stiff-armed by management, you wouldn't be given interesting or meaningful work, etc. And finally, Phase 5: death of remote. Everyone must sit at a desk in a physical office where your team is located", as per John McBride.

Amazon is trying to increase profit margins "now that spending and books across the economy are very tight. Amazon's strict return-to-office policy isn't just about fostering innovation or collaboration - it's a strategic move driven by macro and micro economics. By consolidating their workforce in physical offices, they're aiming to maximise tax incentives and reduce operational costs," he said.

# Nitin Gadkari reprimands contractors: 'Saw the road today, won't spare you...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Nitin Gadkari- Union Road Transport and Highways Minister- rebukes agencies and contractors over ill-maintained roads as he said that good operators would be awarded but bad ones would be "driven out of the system". As per news agency PTI, the minister said, "We will not spare you. We'll ensure that bank guarantees of those doing bad work are



forfeited and after this, we will blacklist you, not allow you to apply for new tenders," the minister said.

The warning came after Nitin Gadkari-noticed the bad maintenance of the Eastern Peripheral Expressway which he took to reach Ghaziabad to inaugurate a tree plantation drive .

During his address, the minister highlighted strides in development of roads and highways made under the PM Modi-led government. Expressing unhappiness over the upkeep of the Eastern Peripheral Expressway, he rebuked agencies and contractors concerned.

He said, "I have used the Eastern Peripheral Expressway after a long time. A lot of work has been done. Now I wish that a lot of people who don't work retire, some contractors get blacklisted and bank guarantees of some are forfeited."

"The office bearers of associations are sitting here (in the audience at the event), the roads should be well-maintained.

# श्री सड़क निर्माण कंपनी से रिटायर्ड कर्मचारी की मौत

## तेज रफ्तार कार ने घर के पास मारी टक्कर, ड्रायवर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिय़ा ब्रिज के पास बुधवार शाम एक हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जाता है कि वह दो माह पहले ही सडक़ निर्माण कंपनी से रिटायर्ड हुए थे। शाम को वह दूध लेने गए। वहां से वापस आते समय सडक़ क्रास करते समय कार ने उनहें चपेट में ले लिया था।**

कनाडिय़ा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक भीलसिंह (62)पिता शेरसिंह वास्कले निवासी टिगरीया राव को कार ने सडक़ क्रास करते समय बुधवार शाम करीब 6 बजे के लगभग टक्कर मार दी। उन्हें हाथ और पैरो में चोट आने के चलते उपचार के लिये एमवाय भेजा गया। यहां पर दो घंटे से बाद उनकी मौत हो गई। पोते रोशन ने बताया कि वह घर से आधा किलोमीटर की दूरी पर दूध लेने गए थे। यही से वह वापस आ रहे थे। वह हर शाम दूध लेने जाते थे। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### दो माह पहले हुए रिटायर्ड

भीलसिंह सडक़ निर्माण कंपनी में कार्यरत थे। वह दो माह पहले ही इस कंपनी से रिटायर्ड हुए है। उनके परिवार में चार बेटे है। परिवार मूल रूप से राजपुर का रहने वाला है। वह अपने छोटे बेटे नैनसिंह के परिवार के साथ पत्नी बुंदी के साथ रहते थे।

### युवक-युवती बैठे थे,कई वाहनों को मारी टक्कर

भीलसिहं को टक्कर मारने के बाद कार सवार को तेजी में भगाते हुए ले गया। लोगो का कहना था कि कार में युवक युवती बैठे थे। पुलिस रास्ते में चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने जब यहां कार रोकी तो उसमें से युवक युवती भाग गए। जिसमें कार चला रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया।

# पत्नी सुबह उठी तो फंदे पर पति को लटके देखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदिरा नगर इलाके में गुरुवार सुबह एक दुकानदार का शव उसके घर में फंदे पर लटके मिला। परिवार ने पुलिस को जानकारी दी। शव को जिला अस्पताल भेजा गया है।**

छत्रीपुरा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अजय उर्फ बबला पुत्र गोपाल ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह पत्नी जागी तो उसे फंदे पर लटके देखा। इसके बाद दोनों बच्चो को जगाया। अजय घर पर ही दुकान चलाता था। वहीं पत्नी भी हार फूल की दुकान संचालित करती है।

पुलिस ने प्रांरभिक जानकारी में बताया कि अजय को काफी समय से पेट की बीमारी थी। उसका उपचार भी चल रहा था। इसके कारण वह डिप्रेशन में चल रहा था। पुलिस को मौके से किसी तरह का सुसाइड नोट नही मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रिटायर्ड लायब्रेरियन का पर्स लूटा

## घर के कुछ ही दूर वारदात, पुलिस ने शुरू की जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। अन्नपूर्णा पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्र में लगातार लूट की वारदातें हो रही है। इसी क्रम में रिटायर्ड लायब्रेरियन का पर्स लेकर बदमाश भाग निकले। घर से मात्र दो सौ मीटर दूर हुई इस घटना से हडक़ंप मच गया। तत्काल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। फरियादी कृष्णा पति राधेश्याम उपाध्याय निवासी गोपुर कॉलोनी ने बताया कि वह सोमवार-मंगलवार की देररात भोपाल से इंदौर लौटी थीं। वे सवारी गाड़ी से घर के पास उतरी और पैदल घर जा रही थी। तभी नकाबपोश बदमाश महिला के कंधे पर टंगा पर्स झपटकर ले गया। हमले से संभलते हुए महिला चिल्लाई, लेकिन तब तक बदमाश जा चुके थे। पर्स में सोने की अंगूठी, चांदी के जेवर, 15 हजार नकद, मोबाइल रखा था। शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने सुरू कर दिए हैं। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में पुलिस की गश्त नहीं होने से आएदिन मारपीट, लूट, चोरी की वारदातें होती रहती है। बीट प्रभारी भी निष्क्रिय बने हुए हैं।

# घर के बाहर से चार साल का बच्चा लापता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। घर के बाहर खेल रहा चार साल का बच्चा लापता हो गया। काफी देर तक उसे परिजनों ने ढूंढा। जब उसका कहीं पता नहीं चला तो शिकायत दर्ज कराई। परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस जांच में जुट गई है। घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र के भागीरथपुरा पुलिस चौकी के समीप का है। यहां सिल्वर कॉलोनी(धार)निवासी राहुल बागवान का चार वर्षीय बेटा क्रिश मंगलवार दोपहर 2 बजे घर के बाहर खेल रहा था। राहुल धार स्थित फैक्टरी में नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि मामा राधेश्याम कुकडिय़ा उर्फ बंटू के घर अनंत चौदस उद्यापन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम होने से वहां काफी संख्या में मेहमान आए हुए थे। इसी बीच, बच्चे की मां उसे बुलाने गई, जब बच्चा नहीं मिला तो मुझे जानकारी दी। बच्चे के अचानक गायब होने से कार्यक्रम में आए मेहमान भी उसे ढूंढने लगे। राहुल की पत्नी पूजा, मां अनिता, पिता गुलाबसिंह, भाई रविंद्र भी क्रिश को लेकर इंदौर आए थे। बच्च के लापता होने की सूचना मिलते ही बाणगंगा पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं हैं। पुलिस ने नाले और गलियों में भी तलाश कर ली है। राहुल के मुताबिक क्रिश आसानी से किसी के पास जाता नहीं है। संभवतया उसको नशीला पदार्थ खिलाकर अगवा किया है। पुलिस के मुताबिक कालोनी में कुछ मिस्त्रियों ने बच्चे को खेलते हुए देखा था।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक